प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.10.2023 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. चुनाव आयोग ने नवंबर में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का किया ऐलान, मिजोरम में 7, छत्तीसगढ़ में 7 और 17, मध्यप्रदेश में 17 ,राजस्थान में 23 और तेलगांना में 30 नवंबर को होंगे चुनाव, आचार संहिता लागू।
2. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने देश भर में 17 अक्टूबर से 30 नंवबर 2023 तक वोटर लिस्ट में नाम शामिल और संशोधन करने की घोषणा की।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज देवघर दौरे पर, अब से कुछ देर में सिकटिया मेगा लिफ़्ट सिंचाई योजना का करेंगे शिलान्यास
4. आईसीसी क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता में आज न्यूजीलैंड और नीदरलैंड्स होंगे आमने सामने, 2 बजे से हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में मुकाबला।

*******************************

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 5 राज्यों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश , राजस्थान और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। मिजोरम में 7 नवंबर को चुनाव होगा जबकि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को चुनाव होंगे। एक चरण में, मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को, राजस्थान में 23 और तेलंगाना में 30 नवंबर को चुनाव होगा। सभी राज्यों में 3 दिसंबर को मतगणना होगी। पांच राज्यों के 679 विधानसभा सीटों पर चुनाव होगा उन्होंने बताया कि बुर्जुग लोगों को घर से वोटिंग की सुविधा मिलेगी। श्री कुमार ने चुनाव में युवा, पीडब्लूडी और वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस वार्ता में कहा कि 17 अक्टूबर से 30 नंवबर 2023 तक किसी भी मतदाता सूची में नाम शामिल और संशोधन करना संभव है। बीएलओ घर – घर जाकर नाम और पता का संशोधन करेंगे।

*******************************

तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच आज नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता हुई। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर तंजानिया की राष्ट्रपति भारत के चार दिन के राजकीय दौरे पर कल नई दिल्ली पहुंची। राष्ट्रपति हसन का आज राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में पारंपरिक स्वागत किया गया और उसके बाद उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति भवन में स्वागत के बाद तंजानिया की राष्ट्रपति ने भारत के साथ दशकों पुराने बेहतरीन संबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है इस यात्रा से राजनीतिक और आर्थिक विकास के नए रास्ते् खुलेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू की ओर से तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन भी किया जाएगा। तंजानिया की राष्ट्रपति कल नई दिल्ली में होने वाले व्यापार और निवेश मंच की एक बैठक में भी भाग लेंगी।

*******************************

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि जी–20 ने दिखाया है कि भारतीय कूटनीति वास्तविक्ता में अंतर ला सकती है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने भारतीय विदेश सेवा दिवस के अवसर पर भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे भारत अधिक जटिल और अप्रत्याशित रूप से आगे बढ़ रहा है, उनकी जिम्मेदारी भी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि देश के बाकी हिस्सों की तरह भारतीय विदेश सेवा भी अमृतकाल में महत्वपूर्ण कार्य करती रहेगी

*******************************

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज से चार दिन के दौरे पर इटली और फ्रांस जा रहे हैं। अपने दो देशों के दौरे के पहले चरण में रक्षामंत्री रोम में इटली के रक्षामंत्री गुइडो क्रिसेटो से मुलाकात करेंगे। मार्च 2023 में इटली के

प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच संबंध सामरिक साझेदारी की ऊंचाईयों पर पहुंच गए थे। यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण के दौरान श्री राजनाथ सिंह पेरिस में सशस्त्रं सेनाओं के रक्षामंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ पांचवीं वार्षिक रक्षा वार्ता करेंगे। रोम और पेरिस दोनों जगह रक्षामंत्री औद्योगिक सहयोग के लिए संभावित अवसरों पर चर्चा करने के लिए रक्षा उद्योग के मुख्यं कार्यकारी अधिकारियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श करेंगे।

*****************************

बोकारो जिले के शहरी क्षेत्रों में रहनेवाले गरीब लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

*****************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और

फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*****************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद देवघर के सारठ विधानसभा क्षेत्र के सिकटिया में चार सौ पचासी करोड़ पैंतीस लाख रूपये की लागत से बनने वाली मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की आधारशिला रखेंगे। इस योजना के धरातल पर उतरने से विधानसभा क्षेत्र की सत्ताईस पंचायतों की एक लाख ग्यारह हजार से अधिक की आबादी को कृषि के मामले में लाभ होगा। वहीं तेरह हजार एक सौ चौसठ हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से रखा गया है। शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री जनता को संबोधित भी करेंगे।

*****************************

देश भर के लगभग 2 लाख 33 हजार कोयला कर्मियों को इस वर्ष 85 हजार रुपये बोनस यानी परफार्मेंस लिंक रिवार्ड मिलेगा। वहीं धनबाद में कार्यरत बीसीसीएल के करीब 37 हजार कर्मचारियों के बीच तीन सौ साठ करोड़ का भुगतान किया जाएगा। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बोनस की रकम ग्यारह दशमलव एक एक प्रतिशत अधिक है। दिल्ली स्थित स्कोप भवन में कल प्रबंधन और यूनियनों की बैठक में इसपर निर्णय लिया गया। इस बैठक में कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। तीन सौ बारह दिन की उपस्थिति पर ही कोयला कर्मियों को पूरा बोनस मिलेगा। वहीं कार्य के दौरान हटाए गए कर्मियों को बोनस का लाभ नहीं मिलेगा। कोल इंडिया बोनस मद में एक हजार नो सौ तीस करोड़ रुपये का भुगतान करेगी।

*****************************

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ज्यूडिशल अकादमी के संरक्षक संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि रिमांड और जमानत के मामले में कानून के सभी प्रावधानों का अनुपालन किया जाना चाहिए। वे जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित लोयला सभागार में ज्यूडिशल अकादमी झारखंड और पूर्वी सिंहभूम जजशिप कारा संयुक्त रूप से आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन अपराधों में 7 वर्ष या उससे कम की सजा का प्रावधान है, ऐसे मामले में गिरफ्तारी क्यों हुई है यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सह जज इंचार्ज ज्यूडिशल अकादमी जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ,जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस दीपक रोशन ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन में विभिन्न कानूनी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जज सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि रिमांड को लेकर लागू कानून तथा गिरफ्तारी से पूर्व नोटिस के नियम का पालन होना चाहिए।

******************************

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग अपने साप्ताहिक लाइव फोन–इन कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में आज रात साढ़े नौ बजे, डेंगू बुखार : कारण, लक्षण और निवारक उपाय पर विशेष चर्चा प्रसारित करेंगा। चर्चा में नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान –एम्स में मेडिसिन विभाग के डॉ. पीयूष रंजन भाग लेंगे। यह कार्यक्रम एफएम गोल्ड चैनल और अतिरिक्त मीटरों पर सुना जा सकता है।

******************************

आई सी सी क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता में आज न्यूजीलैंड का सामना नीदरलैंड्स से होगा। यह मैच 2 बजे से हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बीच, कल रात भारत ने अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हरा दिया। चेन्नई के एम ए चिदम्बरम स्टेडियम में हुए मुकाबले में 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 41 ओवर और 2 गेंदों में 4 विकेट के नुकसान पर 201 रन बना लिए।

**********समाप्त**********